RNI-6624/60, Postal Reg. No. Jaipur city/003/2018-20

अपनी दुकान, अपना व्यवसाय योजना

286 संपत्तियां बिकी, 41 करोड़ का मिला राजस्व

1681 व्यावसायिक सम्पत्तियों में से पहले बुधवार को बिकी 185 सम्पत्तियां

जोधपुर की मधुबन योजना में आठ गुना कीमत पर बिकी दुकान

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। आवासन मंडल की ओर से स्वरोजगार के लिए लॉन्च की गई अपनी दुकान-अपना व्यवसाय योजना को लेकर लोगों में भारी उत्साह दिख रहा है। इस योजना में पहले बुधवार को ही 1681 व्यावसायिक सम्पत्तियों में से 185 सम्पत्तियां बिकी, जिससे मंडल को 26 करोड़ 57 लाख रुपए का राजस्व मिला। बुधवार नीलामी उत्सव के तहत 101 सम्पत्तियां बिकी, जिससे मंडल को 14 करोड़ 25 लाख रुपए की आय हुई। इस बुधवार को मंडल की 286 सम्पत्तियां बिकी, जिससे 41 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि इस योजना में जयपुर वृत्त प्रथम में 26 लाख 7 हजार रुपए मूल्य की 3 सम्पत्तियां और जयपुर वृत्त द्वितीय में 27 लाख 76 हजार रुपए मूल्य की 2 सम्पत्ति बिकी। इसी तरह जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में एक करोड़ 47 लाख रुपए मूल्य की 11 सम्पत्तियां बिकी। उन्होंने बताया कि कोटा वृत्त में 2 करोड़ 45 लाख रुपए मूल्य की 23 सम्पत्तियां, बीकानेर वृत्त में 98 लाख 62 हजार रुपए मूल्य की 5 सम्पत्तियां, उदयपुर वृत्त में 5 करोड़ 17 लाख रुपए मूल्य की 28 सम्पत्तियां और अलवर वृत्त में 3 करोड़ 61 लाख रुपए मूल्य की 29 सम्पत्तियां बिकी।

छह लाख था न्यूनतम विक्रय मूल्य, 49 लाख में बिकी

उन्होंने बताया कि जोधपुर की मधुबन योजना में 9 वर्ग मीटर की एक दुकान का न्यूनतम विक्रय मूल्य 6 लाख 75 हजार रुपए रखा था, यह दुकान 49 लाख रुपए में बिकी। इस तरह यह दुकान 8 गुना कीमत पर बिकी। इसी योजना में 9 वर्ग मीटर की दूसरी दुकान जिसका न्यूनतम विक्रय मूल्य 6 लाख 30 हजार रुपए रखा था। यह दुकान ढाई गुना कीमत पर 17 लाख 33 हजार रुपए में बिकी। इस योजना में निर्मित दुकान और व्यावसायिक भूखंडों को ई-बिड सबमिशन और ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जा रहा है। योजना के तहत 27 वर्गमीटर तक की दुकानों को ई-बिड सबमिशन और 27 वर्गमीटर से अधिक की दुकानों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जा रहा है। इस बुधवार को ई-बिड सबमिशन से 172 व्यावसायिक सम्पत्तियां और ई-ऑक्शन से 13 सम्पत्तियां बिकी।

बुधवार नीलामी उत्सव में भी दिखा उत्साह

इसी तरह बुधवार नीलामी उत्सव के तहत जयपुर वृत्त प्रथम में 71 लाख 25 हजार रुपए मूल्य की 3 सम्पत्तियां और जयपुर वृत्त तृतीय में 67 लाख 21 हजार रुपए मूल्य की 4 सम्पत्तियां बिकी। इसी तरह जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में 1 करोड़ 21 लाख रुपए मूल्य की 9 सम्पत्तियां बिकी। उन्होंने बताया कि कोटा वृत्त में 1 करोड़ 71 लाख रुपए मूल्य की 21 सम्पत्तियां, बीकानेर वृत्त में 16 लाख 77 हजार रुपए मूल्य की 2 सम्पत्तियां, उदयपुर वृत्त में 1 करोड़ 46 लाख रुपए मूल्य की 12 सम्पत्तियां और अलवर वृत्त में 3 करोड़ 34 लाख रुपए मूल्य की 32 सम्पत्तियां बिकी।